प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर विश्वविद्यालय में सद्भावना दौड़ के साथ गाँधी उत्सव का शुभारम्भ

पंतनगर। 27 सितम्बर 2021। विश्वविद्यालय के गाँधी भवन छात्रावास में गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में 27 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2021 तक 'सम्मान महोत्सव 2021' मनाया जा रहा है, जिसका उद्घाटन अधिष्ठाता कृषि, डा. एस.के. कश्यप द्वारा रिबन काट कर सद्भावना दौड़ का प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रावास अभिरक्षिका, डा. विनीता राठौर; छात्रावास प्रबन्धक, श्री बी.के.चौबे एवं सहायक छात्रावास अभिरक्षिका, कु विनीता कश्यप की उपस्थित थी।

सद्भावना दौड़ गाँधी भवन छात्रावास से प्रारंभ होकर कृषि महाविद्यालय के सामने से होते हुये वापस गाँधी भवन छात्रावास पर समाप्त हुई। इस दौड़ में गाँधी भवन छात्रावास में आवासित छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएं सस्य विज्ञान से अंजलि रावत; कृषि विस्तार एवं संचार से मोनिका एवं पादप रोग विभाग से आकांक्षा गरजौला अवल रहीं। इसके साथ ही छात्रावास में गाँधी उत्सव का प्रारम्भ किया गया, जिसका समापन गाँधी जयन्ती को किया जाएगा। इस उत्सव का उद्देश्य छात्राओं में देशभक्ति की भावना को प्रेरित करना एवं उनका उत्साहवर्धन करना था। सम्मान महोत्सव 2021 में बास्केटबॉल, बैटमिंटन, रस्साकशी, नृत्य, सुर–बेसर, रैम्प वॉक, आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।



सद्भावना दौड को रिबन काटकर प्रारम्भ करते अधिष्ठाता कृषि, डा. एस.के. कश्यप।